नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 166/2021
Dt-8-6-2021

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि0,
बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल मुख्यालय स्थित विद्युत ग्रीड/मिनी ग्रीड के अधिष्ठापन के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर जैसे बड़े शहर में विद्युत आपूर्ति के लिए मात्र एक 33/11 के.वी.ए. पावर सब स्टेशन कार्यरत है जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति में बाधा, पावर कट आदि की समस्या बनी रहती है। 1972 में स्थापित झंझारपुर अनुमंडल में वर्त्तमान में 4 प्रखंड अवस्थित है, जहां स्थित पावर सबस्टेशन को पंडौल, भीठ भगवानपुर और फुलपरास ग्रीड से फिलहाल विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

झंझारपुर पुराना एवं वृहत शहर है जहाँ एक नगर पंचायत, अनुमंडल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सभी सरकारी बैंक के कार्यालय, न्यायालय, कारागार, विद्यालय एवं महाविद्यालय आदि अनेक शिक्षण संस्थान स्थापित है। झंझारपुर में अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। झंझारपुर स्थित विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं शहर के विस्तार से विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है साथ ही विद्युत राजस्व में बढ़ोतरी होना भी स्वाभाविक है।

वर्णित परिपेक्ष्य में झंझारपुर शहर के विकास एवं क्षेत्रों के विस्तार को देखते हुए समुचित विद्युत आपूर्ति सुलभ कराने एवं आगामी दिनों में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को निरंतर विद्युत आपूर्ति हेतु झंझारपुर मुख्यालय में ग्रीड/मिनी ग्रीड का अधिष्ठापन कराना जनहित में आवश्यक है। नगरवासियों की चिर लंबित मांग की पूर्ति हेतु पूर्व में भी मैंने झंझारपुर स्थित ग्रीड/मिनी ग्रीड के अधिष्ठापन हेतु माननीय मंत्री, उर्जा विभाग, को पत्रांक–1072/नि. दिनांक 27.9.2012 के माध्यम से प्रेषित किया था।

अतः अनुरोध है कि झंझारपुर में विद्युत ग्रीड/मिनी ग्रीड के अधिष्ठापन हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे, ताकि क्षेत्र में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति हो सके।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 8·6·21

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in